## आपदा सहायता के लिए आवेदन

**इंटरनेट या स्मार्टफोन एप्लीकेशन:** आपदा उत्तरजीवी व्यक्तिगत और परिवार कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं या अपने आवेदन की स्थिति की जाँच यहाँ कर सकते हैं: www.DisasterAssistance.gov। आपदा उत्तरजीवी इसके अलावा www.fema.gov से एप्लीकेशन को डाउनलोड करके स्मार्टफोन के माध्यम से FEMA तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं या अपने मोबाइल प्रदाता के एप्लीकेशन स्टोर के जरिए ऐसा कर सकते हैं।

**फोन द्वारा:** आपदा उत्तरजीवी सहायता हेतु पंजीकरण के लिए या अपने आवेदन की स्थिति देखने के लिए FEMA के टोल-फ्री नंबर 800-621-3362 पर कॉल कर सकते हैं। आपदा में जीवित बच निकलने वाले जो बहरे हैं, जिन्हें सुनने में कठिनाई है या बोल नहीं पाते हैं और पाठ टेलीफोन (TTY) का उपयोग करते हैं, वे 800-462-7585 पर कॉल कर सकते हैं। आपदा उत्तरजीवी जो 711 या वीआरएस (वीडियो रिले सर्विस) का उपयोग करते हैं वे 800-621-3362 पर कॉल कर सकते हैं।

**व्यक्तिगत रूप से:** आपदा रिकवरी केंद्र जाएं।

- उनके ठिकानों के लिए, FEMA का मोबाइल एप www.fema.gov/mobile-app देखें या 1-800-621-3362 पर क़ल करें या www.DisasterAssistance.gov पर जाएं।
- आपदा से बचने वालों के लिए सहायता टीम के सदस्य, आपके क्षेत्र में घर-घर जा सकते हैं। उनके पास आधिकारिक FEMA फोटो पहचान होगी।

## *अगर* आप FEMA के निर्णय पत्र से असहमत हैं तो क्या करें

FEMA

आपके पास आपको आबंटित धनराशि समेत FEMA के पात्रता निर्णयों के विरुद्ध अपील करने का अधिकार है।

### मुझे अपनी अपील को कब प्रस्तुत करने की जरूरत है?

आपको अपनी अपील को अपने पात्रता अधिसूचना पत्र की तारीख के **60 दिनों** के भीतर अवश्य ही प्रस्तुत करनी होगी।




### मुझे क्या मुहैया कराना होगा?

इस बात का वर्णन करते हुए हस्ताक्षरित, लिखित स्पष्टीकरण कि आपको ऐसा क्यों लगता है कि FEMA का निर्णय गलत है और आपकी आपदा हानियों के सबूत समेत आपकी अपील का समर्थन करने वाले किन्हीं दस्तावेजों की प्रतियाँ।

आपका पूरा नाम, आपका FEMA आवेदन नंबर और आपदा नंबर, आपका आपदा से पूर्व प्राथमिक आवास पता और आपका वर्तमान फोन नंबर और पता समस्त प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में सम्मिलित होना चाहिए। ये नंबर आपके नाम और पते के ऊपर आपके निर्णय पत्र के पेज 1 पर मुद्रित होते हैं।

### मैं अपनी अपील कहाँ भेजूँ?

**डाक से यहाँ भेजें:**
FEMA
P.O.Box 10055
Hyattsville, MD 20782-8055

या

**फैक्स से:**
800-827-8112
ध्यानार्थ: FEMA अपील अधिकारी
(FEMA Appeals Officer)

### मेरी अपील मंजूर हुई है या खारिज इसे जानने में मुझे कितना समय लगेगा?

आपकी अपील के FEMA को प्राप्त होने के **90 दिनों** के भीतर आपको FEMA के पास से निर्णय पत्र प्राप्त हो जाएगा।

अपनी अपील की स्थिति को देखने के लिए या अपने डाक पते या संपर्क की जानकारी में किसी परिवर्तन की सूचना FEMA को देने के लिए कृपया यहाँ जाएं: **www.DisasterAssistance.gov** और अपने आवेदन की स्थिति की जाँच करें का चयन करें या FEMA की हेल्पलाइन को 800-621-FEMA (3362) पर कॉल करें

### अपनी अपील को लेकर अगर मुझे कुछ पूछना है तो मैं किसे कॉल कर सकता हूँ?

FEMA हेल्पलाइन को 800-621-3362 (वॉइस/711/VRS) पर कॉल करें। स्पेनिश के लिए, 2 दबाएं। TTY: 800-621-3362. या **www.DisasterAssistance.gov** पर जाएं।

# आपदा के बाद की सहायता

## FEMA व्यक्तिगत सहायता आपकी बहाली में मदद कर सकती है

FEMA B-545/अप्रैल 2019

FEMA



# FEMA आपकी कैसे मदद कर सकती है?

FEMA से सहायता आपकी और आपके परिवार के सदस्यों की, जो आपदा से प्रभावित हैं, आवश्यक सहायता और महत्वपूर्ण ज़रूरतों का ध्यान रखने में मदद कर सकती है जिन्हें बीमा या अन्य प्रकार की सहायता से पूरा नहीं किया जा सकता।

## आवास सहायता:

आवास सहायता वित्तीय या सीधे सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है, जिसमें शामिल हैं:

**किराए की सहायता:** अस्थायी आवास किराए पर लेने के लिए वित्तीय सहायता, जबकि आपदा के कारण होने वाली मरम्मतें आपके प्राथमिक निवास के लिए या स्थायी आवास में पारगमन के दौरान की जाती हैं।

**रहने के खर्च की प्रतिपूर्ति** वित्तीय सहायता निवास के अल्पकालिक खर्चों की प्रतिपूर्ति करती है।

**घर की मरम्मत:** आपदा के कारण अबीमाकृत घर क्षति की मरम्मत के लिए मकान-मालिकों के लिए वित्तीय सहायता। सहायता का उद्देश्य एक सुरक्षित और आरोग्यकर रहन-सहन या कामकाज की स्थिति के लिए घर की मरम्मत करना है।

**घर बदलना:** आपदा के परिणामस्वरूप उन मकान-मालिकों के लिए वित्तीय सहायता जिनके लिए अपने प्राथमिक आवास को बदलना या उसका पुनर्निर्माण करना आवश्यक है।

**प्रत्यक्ष आवास:** सीमित परिस्थितियों में, जहां पर्याप्त अस्थायी आवास संसाधन परिवहन की तर्कसंगत दूरी के भीतर उपलब्ध नहीं हैं, FEMA मकान-मालिकों और किराएदारों को सीधा एक अस्थायी आवास यूनिट प्रदान कर सकता है।

## अन्य आवश्यकताओं के लिए सहायता:

**निजी संपत्ति:** सामान्य घरेलू वस्तुओं की मरम्मत करने या इन्हें बदलने के लिए वित्तीय सहायता जिसमें सामान, उपकरण, अत्यावश्यक औजार और दैनिक जीवन की गतिविधियों में सहायता करने वाले सहायक उपकरण शामिल हैं, लेकिन यहीं तक सीमित नहीं है।

**चिकित्सा/दंत चिकित्सा:** आपदा के कारण चिकित्सा या दंत्य खर्चों या हानियों हेतु भुगतान करने के लिए वित्तीय सहायता। इसमें अस्पताल और एम्बुलेंस सेवाएं, दवाई और चिकित्सकीय रूप से आवश्यक डिवाइसेस या टेक्नोलॉजी की मरम्मत या प्रतिस्थापन शामिल हैं लेकिन यहीं तक सीमित नहीं है।

**अंतिम संस्कार:** आपदा के कारण प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मौत या उत्खनन के चलते आए खर्चों के लिए वित्तीय सहायता। खर्चों में कास्केट या कलश और अंतिम संस्कार सेवाओं की लागत शामिल हैं, लेकिन यहीं तक सीमित नहीं है।

**बाल सेवा:** आपदा के परिणामस्वरूप बाल देखभाल की बढ़ी लागत के लिए वित्तीय सहायता। अर्हता-प्राप्त खर्चों में 13 वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों के लिए बाल सेवा और/या अपंगता वाले बच्चे शामिल है, जैसा कि संघीय कानून के द्वारा परिभाषित है, 21 वर्ष की उम्र तक जिन्हें रोजमर्रा के रहन-सहन की गतिविधियों में सहायता की जरूरत होती है।

**विविध व्यय:** आपदा से पूर्व जिन चीजों का मालिकाना पास में नहीं था उन विशिष्ट चीजों को खरीदने के लिए वित्तीय सहायता। इसमें गीला/सूखा वैक्यूम, चेनसॉ, या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक डिवाइस के लिए जेनरेटर जैसी वस्तुएं शामिल हैं, लेकिन यहीं तक सीमित नहीं हैं।

**परिवहन:** आपदा से क्षतिग्रस्त किसी वाहन की मरम्मत करने या उसे बदलने की वित्तीय सहायता।

**स्थानांतरण और संग्रहण व्यय:** मरम्मत करने के दौरान क्षतिग्रस्त प्राथमिक निवास से निजी संपत्ति को अस्थायी रूप से हटाने और संग्रहीत करने में वित्तीय सहायता। नए प्राथमिक आवास पर अत्यावश्यक घरेलू सामानों को ले जाने के लिए भी सहायता प्रदान की जा सकती है।

**स्वच्छ और निकासी:** बाढ़ के पानी के द्वारा प्रभावित घर की सतह के क्षेत्रों के संदूषकों को हटाने और उसे जीवाणुविहीन करने के लिए सेवाओं हेतु वित्तीय सहायता।

**महत्वपूर्ण आवश्यकताएं** ऐसे आवेदकों के लिए वित्तीय सहायता जिन्हें तुरंत या चिंताजनक आवश्यकता है क्योंकि वे अपने प्राथमिक निवास से बेदखल हुए हैं।

## आवास और अन्य आवश्यकताओं में सहायता के लिए पात्रता मानदंड:

- आपका आपदा घाटा राष्ट्रपति द्वारा घोषित आपदा क्षेत्र में होना चाहिए;
- आपके परिवार का कोई सदस्य संयुक्त राज्य का नागरिक, गैर नागरिक राष्ट्रिक या योग्य विदेशी होना चाहिए;
- आपदा के परिणामस्वरूप आपको आवश्यक खर्चे या गंभीर जरूरतें हैं जो बीमा के द्वारा बीमांकित नहीं हैं या आपने बीमा दावा कर रखा है लेकिन आपके लाभ इतने नहीं हैं कि आपके खर्चों की पूर्ति कर सकें या आपकी हानि बीमा या अन्य स्रोतों से बीमांकित नहीं थी।

## अतिरिक्त FEMA व्यक्तिगत सहायता कार्यक्रम

**संकट में परामर्श:** समुदाय-आधारित आउटरीच और शैक्षिक सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से आपदा के प्रभाव से उबरने वाले व्यक्तियों और समुदायों की सहायता करता है।

**आपदा में बेरोजगारी:** राष्ट्रपति के द्वारा घोषित प्रमुख आपदा से प्रभावित उत्तरजीवियों के लिए बेरोजगारी लाभ और पुनःरोजगार सहायता सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं अमेरिकी श्रम विभाग की जिम्मेदारी के तहत आती हैं और इन्हें प्रभावित क्षेत्रों के राज्य, स्थानीय, क्षेत्रीय या आदिवासी सरकारी आपातकालीन प्रबंधन अधिकारियों द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

**आपदा कानूनी सेवाएं:** कम आय वाले व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करता है जो अन्यथा अपनी आपदा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कानूनी सेवाओं को सुरक्षित करने में असमर्थ हैं।

**आपदा मामला प्रबंधन:** परिवारिक बहाली योजना के विकास और कार्यान्वयन के माध्यम से आपदा से होने वाली अपरिवर्तनीय जरूरतों वाले व्यक्तियों को सहायता करता है।

## सहयोगी एजेंसी सहायता

आपदा में बचे लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, FEMA अन्य सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के साथ सहयोग करती है।

FEMA एक घोषित आपदा क्षेत्र में घर के मालिकों और किरायेदारों को कम ब्याज आपदा ऋण प्रदान करने के लिए यू.एस. लघु व्यवसाय प्रशासन के साथ काम करता है। किसी आपदा ऋण के लिए आवेदन करने के लिए आपका अपना व्यवसाय होना आवश्यक नहीं है।

आपदा ऋण के लिए आवेदन करने या अन्य FEMA भागीदारों से उपलब्ध सहायता के बारे में यहाँ पर अधिक जानें: www.DisasterAssistance.gov.



FEMA